Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 14-12-2005

Participants : Mahajan Smt. Sumitra

>

Title : Regarding need to include Godia Caste in the list of Scheduled Tribes.

श्रीमती सुमित्रा महाजन (इन्दौर) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश में निवास करने वाली माझी, मझवार जनजाति की तत्सम पर्यायवाची उपजातियां, भोई, कहार, केवट, मल्लाह, धीवर, निााद को अनुसूचति जनजाति की सूची में अधिसूचित करने की आवश्यकता है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा दिनांक 15.01.03 तथा 17.02.04 को इस संबंध में अनुशंसा पत्र भारत सरकार को दिया जा चुका है। लेकिन केन्द्रीय सरकार द्वारा अभी तक इस संदर्भ में कोई उचित कार्यवाही नहीं हुयी है। गौडिया समाज को ऐसा लगता है कि उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है। महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से यह अनुरोध करना चाहती हूं कि गौडिया समाज को अनुसूचित जनजाति की सूची में अधिसूचित करने हेतु उचित कार्यवाही की जाये।